**उदासीनता** | फर्जी एंट्री और बिना बायोमेट्रिक सत्यापन के खुलासे के बावजूद जांच पर उठे सवाल

# धान घोटाले में प्रबंधक व नोडल पर कार्यवाही नहीं...?



**नवभारत, जबलपुर।** मझौली में करोड़ों रुपए के धान घोटाले में जांच आगे बढ़ने के बावजूद मुख्य जिम्मेदारों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समिति प्रबंधक और नोडल अधिकारी की भूमिका अहम मानी जा रही है, लेकिन वे अभी भी जांच के दायरे से बाहर नजर आ रहे हैं। जांच में सामने आया है कि आधार लिंक वेरिफिकेशन के जरिए फर्जी एंट्री की गई, जो बिना प्रबंधक की भूमिका के संभव नहीं मानी जा सकती है। वहीं नोडल अधिकारी द्वारा टोकन सत्यापन में बायोमेट्रिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और किसानों की अनुपस्थिति में ही सत्यापन किए जाने की जानकारी मिली है, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता संदिग्ध हो गई है।

### अन्य जिम्मेदार अधिकारी जांच से बाहर

करीब दो माह की देरी के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू करते हुए कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक सर्वेयर और वेयरहाउस संचालक की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अन्य जिम्मेदार अधिकारी जांच से बाहर हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

### सेटअप के आरोप, छोटे कर्मचारियों पर गिरी गाज

सूत्रों के अनुसार, समिति प्रबंधक के ऊपरी अधिकारियों से मजबूत संबंध होने के चलते कार्रवाई केवल निचले कर्मचारियों तक सीमित रखी गई। जिले के अन्य उपार्जन मामलों में जहां प्रबंधकों पर भी एफआईआर दर्ज होती रही है, वहीं इस मामले में सिर्फ प्रभारी और ऑपरेटर पर ही कार्रवाई होना कई सवाल खड़े करता है।

### पूर्व में भी हुई प्रबंधकों पर कार्यवाही, अब क्यों नहीं?

कुछ अधिकारी यह तर्क दे रहे हैं कि प्रबंधक के पास कई केंद्रों की जिम्मेदारी थी, लेकिन पूर्व के मामलों में समान परिस्थितियों में भी प्रबंधकों पर कार्रवाई की गई है। ऐसे में प्रशासन के इस रुख को दोहरे मापदंड के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा भुगतान और खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ी से नाराज किसान लगातार विरोध जता रहे हैं।




# ऑन-स्पॉट निपटारा, न्यायमूर्ति ने की प्रशंसा

**मानस भवन राजस्व शिविर का लिया जायजा, व्यवस्थाओं की सराहना**

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए मानस भवन में आयोजित विशेष राजस्व शिविर का न्यायमूर्ति विवेक रूसिया द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने निगम द्वारा करदाताओं के लिए की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और शिविर के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर निगम प्रशासन की सराहना की।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति के साथ उच्च न्यायालय एवं जिला सत्र न्यायालय के अन्य न्यायाधीशगण भी उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने न्यायमूर्ति का स्वागत किया और उन्हें शिविर की कार्यप्रणाली तथा अब तक प्राप्त राजस्व व निराकृत प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि न्यायमूर्ति ने शिविर में बनाए गए विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया और पाया कि वृद्धजनों एवं सामान्य नागरिकों के लिए बैठने व पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य विधिक प्रक्रियाओं के ऑन-स्पॉट निपटारे की सराहना करते हुए इसे जनहितैषी कदम बताया। निगमायुक्त ने अवगत कराया कि डिजिटल माध्यमों के उपयोग से प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आई है, जिसकी न्यायमूर्ति ने प्रशंसा की।

# युवक ने पहचान छिपाकर लूटी युवती की अस्मत

**ओमती पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**जबलपुर।** ओमती थाना क्षेत्र में एक शातिर युवक ने पहचान छिपाते हुए पहले तो युवती से दोस्ती की और फिर उसे प्रेम जाल में फंसाने के बाद उसकी अस्मत लूटता रहा। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वे अपने वादे से मुकर गया। जब पीड़िता को धोखेबाज प्रेमी का पता चला तो मामला थाने तक पहुंचा। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक अनुसार अब्दुल खान 24 वर्षीय ने ओमती निवासी एक युवती से पहचान छिपाते हुए स्वयं को राहुल बताकर उससे एक साल पहले दोस्ती की थी।



इसके बाद दोनों के बीच में बाचतीत होने लगी थी। जिसके बाद युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर यौन शोषण करता रहा। आरोपी शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक युवती की आबरू लूटता रहा। ओमती के अलावा शहर के बाहर भी उसे घुमाने के बहाने ले गया जहां पर भी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये।

### दो बच्चों का पिता निकला धोखेबाज, किया ब्लैकमेल

जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वे अपने वादे से मुकर गया। इस बीच युवती को पता कि राहुल का असली नाम अब्दुल है और वे पहले से शादीशुदा है उसके दो बच्चे भी है। जब उसने विरोध किया तो आरोपी उसे धमकाने लगा और उसे ब्लैकमेल कर वीडियो वायरल करन की धमकी देने लगा जिसके बाद पीड़िता थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपी अब्दुल फराज खान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# जबलपुर की वायुसेवाओं को बढ़ाने समुचित प्रयास किए जाएंगे : विवेक तन्खा

**वायुसेवा संघर्ष समिति की बैठक में रखी अपनी बात**



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर की वायु सेवाओं को बढ़ाने समुचित प्रयास किए जाएंगे ताकि यहां से भारत के प्रमुख शहरों के लिए वायु सेवाएं उपलब्ध हो सकें। ये बात राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने वायु सेवा संघर्ष समिति के साथ आयोजित बैठक के दौरान कही। साथ ही उन्होंने कहा कि जबलपुर से पूर्व में पुणे, अहमदाबाद, कोलकाता तथा चेन्नई के लिए भी सीधी वायु सेवाएं उपलब्ध थीं जो कि किन्हीं कारणों से बंद हो चुकी हैं और इसका खामियाजा न केवल जबलपुर बल्कि संपूर्ण महाकौशल एवं पूर्वी मध्य प्रदेश के नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। इसलिए निकट भविष्य में प्राथमिकता के आधार पर जबलपुर पुणे की फ्लाइट शीघ्र ही आरंभ कराने भरसक प्रयास किए जाएंगे।

### दो कंपनियों से चर्चा

इस अवसर पर वायुसेवा संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि शनिवार को समिति के सदस्यों ने राज्यसभा सांसद को जबलपुर की वायु सेवाओं के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा और समिति के प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक वार्ता कर सांसद से जबलपुर की वायु सेवाओं को सुधारने प्रयास करने आग्रह किया। हिमांशु खरे ने बताया कि उक्त अवसर पर विवेक तन्खा ने त्वरित प्रयास करते हुए दो निजी एयरलाइन कंपनियों से दूरभाष पर बात की तथा उन्हें जबलपुर पुणे तथा अन्य मार्गों पर शीघ्र वायुसेवा आरंभ करने आग्रह किया। श्री तन्खा ने निजी विमानन कंपनियों को जबलपुर की महत्वत्ता के बारे में अवगत कराया। हिमांशु खरे ने बताया कि निकट भविष्य में वायुसेवा संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल, श्री तन्खा के साथ निजी विमानन कंपनियों के शीर्ष मैनेजमेंट के साथ वार्ता करेगा तथा उन्हें जबलपुर के विभिन्न वायु मार्गों की स्थिति से अवगत कराएगा ताकि कंपनियों का रुझान जबलपुर की ओर बढ़ सके। बैठक में उपस्थित डॉ राजेश धीरावाणी, गीता शरत तिवारी, बलदीप मैनी, अंजना तिवारी, हिमांशु राय, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ, मनु शरत तिवारी, डॉ सुनील बहल, अजय बख्तावर, बब्बू यादव, प्रकाश राठौड़, लोकेश चौबे, प्रियंका केशरवानी, दिव्या पाठक मौजूद रहे।

## एक नजर में

### 25-28 वर्ष सेवा के बाद शिक्षकों की परीक्षा लेना अनुचित : कर्मचारी संघ

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग में करीब 65 हजार शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। विभाग में कुल 95 हजार शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें से अधिकांश को दो वर्षों के भीतर परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने कहा कि 25 से 28 वर्ष सेवा के बाद शिक्षकों की योग्यता जांचना उचित नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव (वायु) ने बताया कि यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुपालन में लिया गया है। संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने ए.एन.एम. वर्ष 2023 परीक्षा के अपात्र घोषित अभ्यर्थियों के पुन: परीक्षण पर भी विरोध जताया। जिला अध्यक्षों अरुण चतुर्वेदी, योगेन्द्र मिश्रा, अरुण पटेल, राजू मस्के, सुभाष गौतम, परशुराम तिवारी, बृजेश मिश्रा, के जी पाठक, हेमंत पाठक, दाल चंद पासी, राम शंकर शुक्ला, गगन चौबे, राकेश उपाध्याय, विनय नामदेव, सतीश उपाध्याय ने शासन से अपील की कि सेवा के 25-28 वर्ष पश्चात शिक्षकों की योग्यता जांचने जैसे आदेश न जारी किए जाएं।

### शराबखोरी में हुई थी बुजुर्ग की हत्या

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सरस्वतीघाट धर्मशाला में 23 मार्च को एक बुजुर्ग की लाश मिली थी। मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि शराबखोरी पर उपजे विवाद पर हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 23 मार्च को सूर्यकांत वंशकार 27 वर्ष निवासी शिल्पीनगर भेड़ाधाट ने सूचना दी थी कि उसके बड़े पापा महेश वंशकार 60 वर्ष निवासी नटवारा लगभग 7 वर्ष पूर्व से वंशकार समाज की धर्मशाला सरस्वतीधाट में रहते थे। सुबह लगभग 7 बजे बड़े पापा का शव पड़ा मिला था। जिनके शरीर में चोट के निशान थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। मामले की विस्तृत जांच में पाया गया कि 22 व 23 मार्च की दरम्यानी रात महेश वंशकार का विवाद शराब पीने की बात पर से सुनील ठाकुर निवासी सरस्वतीघाट थाना भेडाघाट से हुआ था। सुनील ठाकुर ने महेश वंशकार को लाठी से हाथ पैर व सिर में मारपीट किया था जिसके कारण आई चोटों से महेश वंशकार की मौत हो गई थी। मर्ग जांच पर आरोपी सुनील ठाकुर द्वारा लाठी से मारपीट कर महेश वंशकार की हत्या करना पाये जाने पर आरोपी सुनील ठाकुर के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### फोन करके बुलाया और घेरकर युवक को चाकुओं से गोदा

**नवभारत, जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत लकड़गंज क्षेत्र में बीती रात एक युवक को फोन करके बुलाने के बाद तीन बदमाशों ने घेरकर उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में युवक के सीने, कंधे और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को नाजुक हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है। पुलिस के मुताबिक लकड़गंज मस्जिद के पीछे रहने वाला 30 वर्षीय शेख रिजवान उर्फ बल्लू खान नरघैया स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता है, बीती रात करीब 8 बजे अपने घर पर था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर सैमूर खान का कॉल आया। रिजवान ने जब पलटकर कॉल किया, तो सैमूर ने उसे मिलने के लिए लकड़गंज चौराहे के पास बुलाया। रिजवान जैसे ही चौराहे पर पहुँचा, वहाँ सैमूर खान अपनी लाल रंग की बुलेट पर खड़ा था। उसके साथ एक अन्य स्प्लेंडर बाइक पर दो नकाबपोश युवक भी मौजूद थे। रिजवान के पहुँचते ही सैमूर ने अपने साथियों को उकसाते हुए कहा यही रिजवान है, इसे जान से मार दो। सैमूर का इशारा मिलते ही स्प्लेंडर पर पीछे बैठे युवक ने उतरकर रिजवान पर चाकू से हमला कर दिया। देखते ही देखते दूसरे युवक ने भी चाकू निकाल लिया और रिजवान के सीने, कंधे, पैर और जांघ पर कई वार किए। खून से लथपथ रिजवान ने शोर मचाया, जिसे सुनकर उसका भाई इमरान और साथी नीरज सोनकर मौके पर पहुँचे। परिजनों को आता देख तीनों आरोपी अपनी बाइकों पर सवार होकर दर्शन चौक की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मुख्य आरोपी सैमूर खान और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए 10 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति

**लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक में हुई, औद्योगिक विकास पर चर्चा**

**नवभारत, जबलपुर।** जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित बैठक में जिले की औद्योगिक विकास को गति देने, नये औद्योगिक क्षेत्रों के लिये भूमि का चयन तथा फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर की स्थापना पर उद्योगपतियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने भारत सरकार की एमएसई सीडीपी योजना अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर की स्थापना पर चर्चा के दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को इस बारे में उद्योगपतियों की जल्दी बैठक आयोजित करने तथा एसपीवी गठित कर फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के इच्छुक उद्यमियों को सूचिबद्ध करने निर्देशित किया। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि मोहनिया में नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु 10 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में फायर स्टेशन की स्थापना पर भी चर्चा की गई। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने इस बारे में बताया कि जल्दी ही नगर निगम के अधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों का संयुक्त भ्रमण कर फायर स्टेशन के लिये भूमि चिन्हित की जायेगी।



### औद्योगिक क्षेत्र से हटेंगे अतिक्रमण

कलेक्टर ने बैठक में रिछाई एवं आधारताल स्थित औद्योगिक क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने तथा बाउंड्रीवाल निर्माण एवं नाला के कार्यों में प्रगति की समीक्षा भी की।

उन्होंने गारमेंट क्लस्टर के डाईंग और वाशिंग प्लांट को शीघ्र प्रारंभ करने के तथा रिछाई में टेक्नोलॉजी सेंटर के कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने फर्नीचर क्लस्टर के लिये भटौली में आबंटित भूमि के मद परिवर्तन की कार्यवाही शीघ्र पूरी करने नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियों को दिये।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में केंद्र शासन के एमएसएमई विभाग के सुजीत कुमार घोष, अधीक्षण यंत्री पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी संजय अरोरा, उप संचालक उद्यान नेहा पटेल, लीड बैंक ऑफिसर दिवाकर ठाकुर, उद्योग संघों की ओर से डी आर जैसवानी, सुबोध जैन, शंकर नागदेव, अखिल मिश्रा, गौरव अग्रवाल, विवेक मोहन पाठक, दीपक जैन, पंकज महेश्वरी, मुकेश जैन, दीपक नौगरिया, मुनींद्र मिश्रा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नवीन औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि चिन्हित

बैठक में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक अनिल राठौर ने निगम के अधीन औद्योगिक क्षेत्र मे उपलब्ध रिक्त भूखंडों की जानकारी बैठक में दी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विनीत रजक ने नवीन औद्योगिक क्षेत्र हेतु भूमि चयन के सम्बंध में जानकारी देते हुये बताया कि कठौंदा में 15 एकड़, पनागर विकासखण्ड के झुरझुरु में 7 एकड़, पाटन विकासखण्ड के ग्राम ककरहेटा में 2 एकड़ तथा शहपुरा विकासखण्ड के ग्राम झांसी में औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु 90 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है।

# जन भागीदारी से जल संरक्षण को मिलेगी नई दिशा


**कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर बैठक**

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम 19 मार्च से शुरू हो चुका है और 30 जून तक चलेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को पिछले वर्ष के अनुभवों के आधार पर इस वर्ष भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए विविध जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सभी विभाग अपने भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएँ और 15 दिन के भीतर कार्य पूरा करें। बोरी बंधान कार्यों में प्रगति सुनिश्चित की जाए और समाज के संगठनों को जल संरक्षण में सहभागी बनाया जाए। बैठक में एमपीआरडीसी के जीएम अनिल राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, सभी जनपद सीईओ, सीडीपीओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### जल संरचनाओं का होगा निर्माण और सुधार

बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान के तहत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, पुराने जल स्रोतों की सफाई एवं जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों में प्रदूषण नियंत्रण, जल वितरण संरचनाओं की सफाई मानसून के लिए पौधारोपण तैयारियां आदि सभी कार्य समाज और विभागों की सहभागिता से किए जाएंगे। बैठक में यह भी कहा गया कि अभियान के कार्यों को माय भारत पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग की समीक्षा की जाएगी।




### गो गैस की मुनाफाखोरी के खिलाफ ऑटो चालकों का विरोध

**नवभारत, जबलपुर।** गो गैस के अत्यधिक मुनाफाखोरी के खिलाफ ऑटो चालक संघ ने प्रदर्शन किया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी के साथ पीड़ितों ने गैस कंपनी के कार्यालय के सामने अपनी आवाज उठाई। संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि 15 दिन में 45 रुपए से बढ़कर 100 रुपये हुई गैस की कीमत पर शासन उचित कार्यवाही करें। इस दौरान भग्गू साहू, अनिल पांडे, मोहसीन अली, दीपक सहित बड़ी संख्या में ऑटो चालक मौजूद थे।

**कृषि** | इस हफ्ते से शुरू होगा कटाई का दौर

# तेज धूप के चलते पकने लगी गेहूं की फसल



**नवभारत, जबलपुर।** मार्च महीने की शुरुआत से ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया था। अब रोजाना सुबह से ही अब धूप लोगों को चुभने भी लगी है। यही बढ़ती हुई गर्मी और तेज धूप के कारण खेतों में लगी हुई गेहूं की फसलें भी पकने लगी हैं। जिससे गेहूं की फसल लगभग तैयार हो रही हैं और बालें भी धीरे-धीरे सूखकर पीली होने लगी है। किसानों ने बताया कि इस हफ्ते के बाद पूरी तरह से फसल तैयार होने के से उनकी कटाई भी शुरू हो जाएगी। अभी कुछ जगहों पर मटर के बाद हुई बोनी में धीरे-धीरे फसलें निपस रही हैं और जल्दी ही वह फसल भी तैयार हो जाएगी।

### इस वर्ष जल्दी आ गई होली

उल्लेखनीय है कि होलिका दहन के बाद ही फसलों की कटाई शुरू होती हैं और गर्मी अपना असर दिखाना शुरू करती है लेकिन इस बार होली का त्योहार मार्च शुरू होते ही आ है। जिसके कारण फसलें पूरी तरह से पक नहीं पाई थी, पूरी तरह से फसल तैयार ना होने के कारण अभी फसलों को कटने में थोड़ा समय है।

### बीच में मौसम से भी पड़ा असर

विदित है कि पिछले हफ्ते अचानक मौसम में करवट ली थी, जिसके कारण कई क्षेत्रों में तेज आंधी चलने और बारिश होने के कारण खेतों में खड़ी फसल बिछ गई। इसके साथ ही बारिश से खेत गीले हो जाने के कारण फसलें भी भीग गई थी। जिसके चलते लगभग एक हफ्ते और फसलों की कटाई में देरी हो गई। अब तेज धूप होने के बाद खेत पूरी तरह से सूख रहे हैं और खेतों में हार्वेस्टर चलने लायक स्थिति भी बन गई है। जल्द ही सभी जगह फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी।

### केबिल चोर गिरोह ने 5 किसानों के खेतों को बनाया निशाना

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत ग्राम बरबटी और आसपास के इलाकों में केबल चोर गिरोह ने एक ही रात में योजनाबद्ध तरीके से आधा दर्जन के करीब किसानों के खेतों से सबमर्सिबल पंप की कीमती केबल पार कर दी। इस चोरी की घटना से क्षेत्र के कृषकों में भारी आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार पिंकसिटी बिलहरी थाना गोराबजार निवासी 70 वर्षीय अशोक कुमार शुक्ला का ग्राम बरबटी में कृषि फार्मलैंड है। यहाँ पिछले 10 वर्षों से लक्ष्मण बर्मन सपरिवार रहकर फार्म की देखरेख करता है। लक्ष्मण ने मालिक को सूचना दी कि बीती रात अज्ञात चोरों ने बोरवेल स्टार्टर से पंप तक लगी करीब 40 मीटर केबल काटकर चोरी कर ली है।